तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 15.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 मार्च 2025

11 शंभू बार्डर पर दोनों ओर से ट्रैफिक बहाल...



12 असफर खुद को जनता का मालिक न समझें...



## खबर संक्षेप

### शिविर में 37 में से 28 समस्याओं का समाधान

**कुरुक्षेत्र।** जिला परिषद के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल ने कहा कि प्रशासन की तरफ से रोजाना लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के लिए लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक किया जा रहा है। इन समाधान शिविरों में लोगों को अपनी समस्याएं रखनी चाहिए। जिला परिषद के डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में प्रशासन की तरफ से लगाए गए समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इससे पहले डिप्टी सीईओ कृष्ण लाल व सदस्य रामपाल पाली ने क्रिड और अन्य विभागों से सम्बन्धित 37 समस्याओं को सुना और इनमें से 28 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया है और शेष समस्याओं का जल्द समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

### कुवि ने घोषित किए 10 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 10 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर, 2024 में आयोजित एम.एससी. बायो-कैमिस्ट्री प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) फ्रैश, एम.ए. (एआईएच) प्रथम सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), एम.ए. (एआईएच) तीसरा सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), एम.ए. (समाजशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर सीबीसीएस/नॉन-सीबीसीएस, एमपीए 9वां सेमेस्टर, बी.फामेसी 5वां सेमेस्टर, बी.फामेसी 7वां सेमेस्टर तथा बीएचएमसीटी 5वां सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर) के परीक्षाओं परिणाम घोषित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही मई 2024 में आयोजित बीटीएम चौथा सेमेस्टर व एम.ए. पत्रकारिता और जनसंचार (आईयूएमएस) भाग-1 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### अवैध असलहा के साथ युवक को किया काबू

**जींद।** सदर थाना नरवाना पुलिस ने गांव करमगढ़ के निकट व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्टल बरामद किया है। सदर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव करमगढ़ के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। युवक की तलाशी लिए जाने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए युवक की पहचान बरसी पट्टी नरवाना निवासी संदीप के रूप में हुई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने संदीप के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है।

### अश्लील हरकत का विरोध करने पर महिला पर हमला

**जींद।** गांव हसनपुर में घर में घुस कर लड़कियों से अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर लड़कियों की मां के साथ मारपीट करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मारपीट करने, अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अलेवा थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकातय में बताया कि वह गांव हसनपुर के आरोही स्कूल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। 18 मार्च देर रात को डाकखाना में ड्यूटीरत गांव का ही अजय उर्फ भज्जी दीवार से कूद कर घर में घुस आया और उसकी बेटियों के साथ अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाए जाने पर वह मौके पर पहुंच गई और विरोध जताया तो आरोपित अजय ने उस पर ईंटें बरसा दी। जिसमें वह घायल हो गई।

### पिता-पुत्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज

# पड़ोसियों से परेशान होकर सब्जी विक्रेता ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, दो पर केस

शाम को मदन लाल घर से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए निकला था।

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंपा



यमुनानगर में युवक के खुदकुशी करने के मामले में बृहस्पतिवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर


सब्जी विक्रेता ने दादुपुर नलवी नहर पटरी के पास फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने वीडियो बनाकर पड़ोस में ही रहने वाले पिता-पुत्र पर उत्पीड़न करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी हर्ष कुमार ने बताया कि उसके पिता मदन लाल सब्जी बेचने का काम करते थे। काफी समय पहले उसके दादा ने अपनी दुकान नरेंद्र कुमार को 12 हजार रुपये में बेच दी थी। दुकान और उनके मकान की दीवार कॉमन है। कुछ दिन पहले वह दीवार में पानी की निकासी का पाइप लगवा रहे थे। लेकिन, नरेंद्र ने पाइप लगाने से मना कर दिया था। जिसे लेकर विवाद भी हुआ था। वहीं, नरेंद्र का बेटा राहुल भी उसकी मां के साथ अश्लील हरकत करता था। करीब पांच साल पहले इस मामले को लेकर पंचायत भी हुई थी। जिसमें आरोपी ने माफी मांगी थी। लेकिन, वह अब दोबारा से हरकत करने लगा था। जिस कारण उसके पिता तनाव में रहते थे। शाम को उसका पिता मदन लाल घर से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए निकला था। जब काफी देर तक घर नहीं आए तो उनकी तलाश की गई और पुलिस को भी इसकी सूचना दी। पुलिस के साथ मिलकर उन्होंने तलाश की तो दादूपुर नलवी के पास उनका शव नहर किनारे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। उसने आरोप लगाया कि नरेंद्र व उसके लड़के राहुल से परेशान होकर उसके पिता ने खुदकुशी की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 11वीं के छात्र ने पंखे से लटककर की खुदकुशी

**यमुनानगर।** मानसिक रुप से परेशान चल रहे ग्यारहवीं कक्षा के छात्र ने संदिग्ध हालत में मकान की छत में लगे पंखे में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरु कर दी। मृतक के चचेरे भाई हरभजन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा का लड़का हरसुख (19) ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ता था। वीरवार तड़के उसकी चाची ने उन्हें बताया कि हरसुख का शव घर में पंखे से लटका हुआ है। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। उन्होंने बताया कि उसका चचेरा भाई हरसुख किसी वजह से मानसिक रुप से परेशान चल रहा था। मगर उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया यह परिजनों की समझ में नहीं आ रहा है। मामले की जांच कर रहे रामपुर पुलिस चौकी के जांच अधिकारी मुकेश ने बताया कि आज सुबह सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा घर पर हरसुख का शव पंखे से लटका हुआ था। मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई करके जांच शुरु कर दी है।

- मानसिक रुप से परेशान चल रहा था
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा



**यमुनानगर।** बहलोलपुर के नजदीक पेड़ से टक्कराकर क्षतिग्रस्त हुई कार को देखते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई एक की जान गई, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पशु सामने आने से अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार

जिले के प्रतापनगर-टिब्बी अराइयांवाला मार्ग पर गांव बहलोलपुर के नजदीक अचानक पशु सामने आने से अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टक्करा गई। कार के पेड़ से टक्कराने पर उसके अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार एक युवक की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और मामले में कार्रवाई शुरु कर दी। मामले की जांच कर रहे प्रताप नगर थाना के प्रभारी गुरमेल सिंह ने बताया कि बीती रात 12 बजे के करीब गांव टिब्बी अराइयां के तीन युवक राकीब (22), रमजान और गुरचरण अपनी स्विफ्ट कार में प्रतापनगर से घर लौट रहे थे। इस दौरान जब वह गांव बहलोलपुर के पास पहुंचें तो उनकी स्विफ्ट कार के सामने अचानक से सड़क पर कोई पशु आ गया। जिससे उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान कार में सवार राकिब की मौके पर ही मौत हो गई और रमजान व गुरचरण गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत निजी अस्पताल में भरती करवाया गया। पुलिस ने राकिब के शव को कब्जे में लेकर वीरवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस नेबीएनएसएस 194 के तहत कार्रवाई की गई।

## अवैध खनन पर प्रशासन उठा रहा सख्त कदम

- जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों द्वारा जिले में चलाया जा रहा संयुक्त चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** नियमों की पालना नहीं करने वाले खनिज वाहन का चालान करती टीम।

अवैध खनन और नियमों की अवहेलना करने वाले खनिज वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा जिले में चैकिंग अभियान जारी है। इस अभियान के तहत बीती रात जिला प्रशासन व खनन विभाग की टीमों ने 2155 वाहनों की चैकिंग के दौरान 2 वाहन सीज किए गए और 31 वाहनों के चालान कर 8 लाख 73 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत जिले में भी अवैध खनन करने वालों व नियमों की पालना नहीं करने वाले खनिज वाहनों पर अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के तहत जिले में एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1195 वाहनों की चैकिंग के दौरान आरटीए विभाग द्वारा एक वाहन सीज किया गया तथा 9 वाहनों का चालान कर 4 लाख 32 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 294 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन सीज किया गया तथा 10 वाहनों का चालान कर 4 लाख 21 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया।

राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण के फैसले का विरोध

## महापंचायत के लिए नारेबाजी करते करनाल से किसानों का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



**करनाल।** सरकार विरोधी नारे लगाते किसान। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार की नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण नीति के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान के नेतृत्व में किसान सीएचडी सिटी से पीपली के ताऊ देवीलाल पार्क में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत के लिए रवाना हुए। महापंचायत के पश्चात किसान मुख्यमंत्री आवास पहुंच ज्ञापन देने के लिए रवाना होंगे। इस दौरान किसानों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर रोष जताया। इस अवसर पर भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों पर जबरन थोपी जा रही नीतियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार को तुरंत प्रभाव से नई राष्ट्रीय कृषि मंडीकरण के फैसले को वापस लेना चाहिए। इसी मांग को लेकर किसान सीएम आवास पर प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

### 50 हजार रुपये का जुर्माना भी किया

## हत्या के जुर्म में तीन दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- 30 जुलाई 2019 को मिली थी खेत में लावारिस लाश

जिला कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के दोषियों को उम्र कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 30 जुलाई 2019 को थाना शाहबाद पुलिस को सूचना मिली कि थाना एरिया में खेतों के पास बनी खाल में एक लावारिस नाश पड़ी हुई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पुलिस कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए सरकारी हस्पताल भेज दिया। जांच के दौरान पुलिस टीम को नाश की पहचान संदीप वासी जैनपुर के रूप में हुई। जांच के दौरान हत्या करने मामले के आरोपी कृष्ण गोपाल, अजय कुमार व शिवम कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। मामले का चालान अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर आरोपी कृष्ण गोपाल, अजय कुमार व शिवम कुमार को दोषी करार देते हुए आईपीसी की धारा 120-बी के तहत तहत उम्र कैद व 50/50 हजार रुपये के जुर्माना की सजा सुनाई, जुर्माना ना भरने की सूरत में 4/4 माह की कठोर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, जुमार्ना ना भरने पर 4/4 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## तरावड़ी की चार अवैध कालोनियों में पुलिस बल के साथ चला पीला पंजा

- प्रशासन ने पुलिस बल के साथ कार्यवाही को अंजाम दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी



**तरावड़ी।** जेबीसी द्वारा अवैध कालोनी को ध्वस्त करते हुये अधिकारी।

जिला नगर योजनाकर की टीम ने तरावड़ी के लल्याणी रोड और सौंकड़ा रोड पर अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी मोहित सिंह ने बताया कि सौंकड़ा रोड पर ढाई एकड़ और लल्यानी रोड पर 3 एकड़, 5 एकड़, और डेढ एकड़ की तीन अवैध कॉलोनी पनप रही थी जिसको उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। डीटीपी मोहित सिंह ने कहा कि उपायुक्त के आदेशों में ड्यूटी प्रसाशन के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने तरावड़ी के सौंकड़ा रोड और लल्यानी रोड में पनप रही तीन कॉलोनी में कच्ची सडक़ व अवैध निर्माण, प्लाटों की नीवों को पीले पंजे से हटाया। उन्होंने कहा डीटीपी विभाग के पास पिछले कई दिनों से तरावड़ी में अवैध कालोनियां पनपने की शिकायते मिल रही थी जिसकी आज कार्रवाई अमल में लाई गई। डीटीपी मोहित सिंह ने लोगों से अपील की कि वह सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रोपट्री डीलरों के बहकावे में आकर प्लांट ना खरीदे, ना ही किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य करें। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में प्लाट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आम लोगो से अपील की अपने खून पसीने की गाढ़ी कमाई को अवैध प्लाट खरीदनें में नष्ट ना करें।

## कुवि परीक्षाओं की डेटशीट की अधिसूचना जारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने मई जून 2025 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं की डेटशीट की अधिसूचना जारी की है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि बी.ए.(जनरल) और ऑनर्स छठे सेमेस्टर की परीक्षा 1 मई से 28 मई तक, बी.एससी. छठे सेमेस्टर की परीक्षा 6 मई से 28 मई तक, बी.ए. (जनरल) और ऑनर्स (सब्सिडी) चौथा सेमेस्टर (नॉन एनईपी 2023-24 तक) परीक्षा 2 मई से 27 मई तक, बी.एससी. चौथे सेमेस्टर (नॉन एनईपी 2023-24 तक) की परीक्षा 2 मई से 27 मई तक, बी.कॉम. (जनरल, ऑनर्स और वोकेशनल) छठे सेमेस्टर की परीक्षा 12 मई से 28 मई तक, बी.कॉम (जनरल, ऑनर्स और वोकेशनल) चौथे सेमेस्टर (नॉन एनईपी 2023-24 तक) की परीक्षा 1 मई से 22 मई तक, बी.ए. ऑनर्स (मुख्य पेपर) छठे सेमेस्टर की परीक्षा 21 मई से 30 मई तक, बी.एससी. ऑनर्स (मुख्य पेपर) छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 मई से 26 मई तक, बी.ए. (ऑनर्स) चौथे सेमेस्टर (मुख्य पेपर) (नान एनईपी 2023-24 तक) की परीक्षा 20 मई से 27 मई तक, बी.एससी होम साइंस, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बी.एससी. (ऑनर्स) सूचना प्रौद्योगिकी (बीएसआईटी) 6 वें सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई से 21 मई तक आयोजित की जाएंगी।

**आस्था** अष्टकोसी यात्रा का कुरुक्षेत्र नाभिकमल मंदिर से 28 मार्च को होगा शुभारंभ

# देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु अब कर सकेंगे कुरुक्षेत्र की पौराणिक अष्टकोसी यात्राः धुमन

- अवैध कॉलोनियों में 6 नींव, 5 निर्माण, तीन चारदीवारी, डब्ल्यूबीएम रोड व एक अवैध निर्माण को किया गया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से यात्रा के बारे चर्चा करते हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरकार के प्रयासों से अब देश विदेश से आने वाले श्रद्घालु कुरुक्षेत्र के तीर्थो की ऐतिहासिक एवं पौराणिक अष्टकोसी यात्रा कर सकेंगे। इस यात्रा को ब्रज की 84 कोसी परिक्रमा की तर्ज पर चलेगी। अहम पहलु यह है कि केडीबी, हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड, धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से सरकार के सहयोग से 28 मार्च को कुरुक्षेत्र नाभिकमल मंदिर से सुबह 4:30 बजे अष्टकोसी यात्रा का शुभारंभ होगा। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच व केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल वीरवार को देर सायं केडीबी के सभागार में धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के साथ यात्रा को निरंतर सफल बनाने को लेकर चर्चा कर रहे थे। इससे पहले सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अष्टद्कोसी यात्रा के प्रबंधों, सुविधाजनक बनाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और सुझाव भी आमंत्रित किए।

### 24 किमी की दूरी तय करेगी यात्रा

केडीबी के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार, एक पूरा मार्ग तैयार किया गया है, जिससे भक्तों को विभिन्न तीर्थों (तीर्थ स्थलों) के इतिहास और महत्व का पता लगाने में मदद मिलेगी। कुरुक्षेत्र शहर में लगभग 24 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली 8 कोस यात्रा, 48 कोसी यात्रा की पूर्वपीठिका होगी, जो अंततः कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत और जींद जिलों के तीर्थ स्थलों तक विस्तारित होगी। कोस यात्रा सुबह 4.30 बजे नाभिकमल तीर्थ दर्रा खेड़ा तीर्थ से शुरू होगी और ओजस घाट, स्थाण्वीश्वर महादेव, कुबेर तीर्थ, क्षीर सागर तीर्थ, दधीचि कुंड, खेड़ी मारकंडा, वृद्घा कन्या, रत्नुक यक्ष-बीड़ पिपली, पावन तीर्थ-सुंदरपुर, ओघटिया घाट पलवल, बाण गंगा दयालपुर, आपगा तीर्थ दयालपुर, भीष्म कुंड नरकतारी, से होकर नाभिकमल तीर्थ पर सम्पन्न होगी।

## कनाडा भेजने के नाम पर युवक से हड़पे चार लाख रुपये

**यमुनानगर।** कनाड़ा भेजने के नाम पर गांव सारन निवासी जसविंद्र सिंह ने चार लाख रुपये हड़प लिए। आरोप देवेंद्र पुरी गोस्वामी पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज भी अपने पास रखे हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सारन निवासी जसविंद्र सिंह ने थाना छप्पर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात देवेंद्र पुरी गोस्वामी से हुई। आरोपी ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह उसे भी कनाड़ा भेज देगा। जहां पर उसे अच्छा रोजगार मिल जाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उससे पासपोर्ट व दस्तावेज तथा चार लाख रुपये ले लिए। आरोपी ने उसे जल्द ही कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया। आरोपी ने उसके दस्तावेज भी वापस नहीं किए। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- आरोपी ने पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज भी रखे
- धोखाधड़ी का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

खबर संक्षेप

## चोरों ने चार किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

**यमुनानगर।** जठलाना क्षेत्र में चोरों ने एक साथ चार किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच कर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव नागल निवासी अनुरोध राणा ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह शाम को खेतों से काम खत्म करके अपने घर आ गए था। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसने देखा कि उसके ट्यूबवेल के कमरे से मोटर गायब है। आसपास पता करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को की। अनुरोध राणा ने पुलिस को बताया कि इसी दौरान उसे सूचना मिली कि चोरों ने उनके पड़ोसी ऋषिपाल व कर्ण सिंह के खेतों से भी ट्यूबवेल की मोटरें चोरी कर ली है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

उधर, गांव खजूरी निवासी परमजीत ने बताया कि चोरों ने रात को उसके ट्यूबवेल के कमरे से मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खेतों से उपकरण चोरी की घटनाओं से किसानों में आक्रोश है तथा पुलिस से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। जिले में इससे पहले भी चोर खेतों में लगे उपकरण और मोटर चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं, परंतु शिकायतों के बावजूद पुलिस अभी तक चोरों को पकड़ने और चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने में असफल रही है।

### स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगमायुक्त ने ली निगम अधिकारियों की बैठक

# अब ट्विन सिटी में कहीं भी गंदगी नजर आए तो तुरंत करवाएं सफाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर नगर निगम प्रशासन ने कसी कमर, अधिकारियों को सफाई से जुड़े सिस्टम को दुरूस्त करने इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न करने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुनानगर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर निगम कार्यालय में अभियंता शाखा, सफाई शाखा व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ट्विन सिटी की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने की।

निगामयुक्त आयुष सिन्हा ने बैठक में ट्विन सिटी की सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सीएंडडी वेस्ट, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, सीवरेज सिस्टम, एसटीपीए नाइट स्वीपिंग, स्वीपिंग मशीन, कचरा निस्तारण प्लांट की व्यवस्था, सिटीजन फीडबैक, स्वच्छता पोर्टल, पार्कों व स्टॉर्म वाटर ड्रेन की सफाई समेत विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों व सफाई निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिए कि वे फील्ड में रहकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाएं। उन्होंने सफाई निरीक्षकों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने वार्ड में प्रत्येक स्थान का दौरा करें। जहां भी गंदगी नजर आए उसकी सफाई करवाएं। वह अपने अपने क्षेत्र को साफ कर चमकाएं। व्यावसायिक क्षेत्रों में सुबह व रात दोनों समय सफाई करवाएं और कचरा एकत्रित करने का कार्य करें।



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए निगमायुक्त। फोटो: हरिभूमि।

### सभी तालाबों और जोहड़ पर लगे साइन बोर्ड

निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने अभियंता शाखा के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के हर वार्ड का दौरा कर सीएंडडी वेस्ट का उठान कर सफाई कराएं। दोनों जोन में लगी ट्रैक्टर ट्रॉलियों व जेसीबी को अतिरिक्त समय तक काम कराकर जहां भी सीएंडडी वेस्ट है उसका उठान करें। कैल कचरा प्लांट में लगे ट्रॉमल द्वारा की जा रही कचरा प्रोसिंग की जांच करें। कमी है तो उसे दूर करें। नगर निगम क्षेत्र में आने वाले सभी तालाब व जोहड़ पर साइन बोर्ड लगे हों। शहर में स्वच्छ सर्वेक्षण से संबंधित बैनर व फ्लेक्स लगाए। एमआरएफ सेंटर के अंदर व्यवस्थित तरीके से कचरा रखा हो। सभी प्रकार के कचरे के लिए अलग अलग खाने बने हो। पार्कों में बागवानी कचरे से खाद बनाने को कंपोस्ट पिट बने हो। लाइट व्यवस्था बेहतर हो। मौके पर उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथशहर के सीवरेज सिस्टम व एसटीपी पर चर्चा की। बैठक में नगर निगम के विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### कचरा प्वाइंटों की जगह बनाएं जाएं गमले

जिन कचरा प्वाइंटों को हाल में ही खत्म कर गमले रखवाए गए उनका निरीक्षण करें। जहां गमले नहीं हैं वहां दोबारा गमले रखवाएं और सफाई करवाएं। रेलवे स्टेशन, दोनों बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई का विशेष ध्यान रखें। शहर के सभी एंट्री प्वाइंट को चमकाएं। स्वच्छ सर्वेक्षण संबंधित बैनर व होर्डिंग लगवाएं। सार्वजनिक शौचालयों में जांच कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें। स्वच्छ सर्वेक्षण संबंधित हर विषय पर किए जाने वाले कार्यों व गतिविधियों की फाइल तैयार करें। स्वच्छ सर्वेक्षण के पोर्टल पर हर डाटा अपडेट हों। डोर टू डोर कचरा उठान में लगे टिप्पर में सहायक व चालक दोनों उपलब्ध हो। टिप्पर में कचरा ढका हो। स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों को गंभीरता से लें तथा इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



रादौर। कस्बे में बस स्टैंड मार्ग के नजदीक लगे हुए कूड़े के ढ़ेर। फोटो: हरिभूमि।

## रादौरः पटरी से उतरी कस्बू की सफाई व्यवस्था, जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

■ 12 मार्च को खत्म हुआ था कस्बे में सफाई को टेंडर, उसके बाद से बंद पड़ा है डोर-टू- डोर कूड़ा उठाने का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कस्बा में जगह जगह गंदगी के ढेर पड़े होने से लोग परेशान हैं। कारण बताया जा रहा है कि कस्बा की सफाई का टेंडर खत्म होने की वजह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों ने नगर पालिका प्रशासन से कस्बा की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी राजकुमार, रमेश, संदीप कुमार, कमल कुमार, सुखबीर सिंह व जयकुमार आदि ने बताया कि कस्बा की साफ सफाई का टेंडर गत 12 मार्च को समाप्त हो गया था। डोर टू डोर कूड़ा उठाने का टेंडर भी समाप्त हो गया है। जिस कारण डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य ठेकेदार ने बंद कर दिया गया। करीब एक सप्ताह से कस्बा में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का कार्य बंद होने के कारण लोगों के घरों में कूड़े के ढेर लग गए हैं।

मजबूरी में लोग कूड़े को कस्बा के चौक चौराहों पर फैंकने के लिए मजबूर हो गए हैं। गलियों में गंदगी के ढेर लग गए हैं।

### डोर टू डोर का नया दिया गया है टेंडर

नपा सचिव गुलशन कुमार ने बताया कि डोर टू डोर का नया टेंडर हो चुका है। ठेकेदार को वर्क आर्डर दे दिया गया है। एक दो दिन में साफ सफाई का कार्य शुरू हो जाएगा। जिसके लिए सभी लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### अधिकारियों पर आरोप

कस्बा के लोगों ने नगरपालिका अधिकारियों पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए कहा कि जब सफाई का ठेका खत्म होने वाला था तो अधिकारियों की ओर से सफाई का टेंडर पहले से क्यों नहीं लगाया गया। नपा की लापरवाही के लोगों को गंदगी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कस्बा के नागरिकों ने स्थानीय विधायक एवं कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से कस्बा की साफ सफाई व्यवस्था को सुचारु करवाए जाने और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत

**यमुनानगर।** गांव जडौदा के पास होली पर्व पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से घायल हुए युवक की देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ 14 मार्च को जडौदा के पास हुआ था हादसा

■ किसी काम के लिए घर से निकला था पंकज

जानकारी के अनुसार खजूरी रोड निवासी रामजी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई 29 वर्षीय पंकज केसर नगर जगाधरी में रहता है। होली पर्व पर रात साढ़े 10 बजे वह जडौदा के पास किसी काम से गया था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसके भाई को टक्कर मार दी थी। जिससे उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। तब से उसके भाई का इलाज अस्पताल में चल रहा था। देर शाम इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई। अस्पताल स्टाफ द्वारा मौत की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## शिक्षकों ने सीखे शिक्षा को प्रभावी बनाने के गुर

■ सीबीएसई बोर्ड का बीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सीबीएसई बोर्ड नई दिल्ली के मार्गदर्शन में बीएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल सलेमपुर खादर में दो दिवसीय कक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रशिक्षक कपिल बत्रा और राजश्री चौधरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के गुर सीखे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य प्रशिक्षक व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमपाल सैनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत स्कूल की प्रधानाचार्या शशि सैनी ने प्रशिक्षकों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण विशेषज्ञ कपिल बत्रा ने शिक्षकों को कक्षा प्रबंधन, अनुशासन बनाए रखने और छात्रों की सहभागिता बढ़ाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि बच्चों को पढ़ाई बोझ न लगे।

उन्होंने शिक्षकों को तनाव मुक्त शिक्षण तकनीकों से अवगत करवाया। इस दौरान राजश्री चौधरी ने शिक्षकों को व्यवहारिक चुनौतियों से निपटने के लिए आधुनिक शिक्षण उपकरणों और मनोवैज्ञानिक पहलुओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शशि सैनी ने कहा कि एक व्यवस्थित और सकारात्मक कक्षा वातावरण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी टीचर्स को नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाने और कक्षा शिक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बीएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल सलेमपुर खादर, मून वैली पब्लिक स्कूल नत्थनपुर यमुनानगर, एसएस मेमोरियल स्कूल कोट कलसिया, इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल दयालपुर कुरुक्षेत्र ,द नेचर वे पब्लिक स्कूल कलरी जगीर करनाल, श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल खजूरी व ओम प्रकाश मेमोरियल पब्लिक स्कूल लाडवा के 58 टीचर्स ने भाग लिया।



यमुनानगर। बीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलेमपुर खादर में आयोजित कक्षा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।



रादौर। गांव रादौरी में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।

## रादौरी गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 142 लोगों के स्वास्थ्य हुई जांच

**रादौर।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने गांव रादौरी में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। जिसमें 142 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर मरीजों को फाउंडेशन की ओर से मुफ्त दवाइयां भी दी गई। डॉ. प्रमोद ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल का कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चल रहा है। नवीन जिंदल फाउंडेशन लोकसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य अभियान के तहत गांव गांव में मोबाइल मेडिकल युनिट द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं। मेडिकल मोबाइल यूनिट में मौके पर ही ब्लड टेस्ट व यूरिन टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। रादौरी में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा 142 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। मौके पर 15 लोगों के ब्लड व यूरिन टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान के तहत संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं।

## हैप्पी क्लास रूम का निर्माण शिक्षकों पर निर्भर

■ शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवंरहेड़ी में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरहेडी में इन हाउस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या बिबनदीप कौर ने शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में सकारात्मक व आनंदमय वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करना है। जिससे विद्यार्थी न केवल विषयों को बेहतर ढंग से समझ सकें। बल्कि उनके सर्वांगीण विकास में भी सहयोग मिले। उन्होंने कहा कि एक खुशहाल कक्षा (हैप्पी क्लास रूम) का निर्माण शिक्षकों के व्यवहार, पढ़ाने की तकनीकों व विद्यार्थियों के साथ मधुर संबंधों पर निर्भर करता है। शिक्षण विधियों, प्रेरक उदाहरणों, मनोवैज्ञानिक रणनीतियों व व्यक्तिगत अनुभवों को सांझा करते हुए शिक्षकों को व्यावहारिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित किया। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान को कक्षा में लागू करें और विद्यार्थियों को एक सकारात्मक व सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान करें। सत्र के अंत में शिक्षकों ने इस शिविर को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रभावी बताया। मौके पर सभी अध्यापकों ने संकल्प लिया कि वह अपनी कक्षाओं को अधिक रोचक, संवादात्मक व प्रेरणादायक बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।



## जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना आज समय की मांगः कीर्ति वशिष्ठ

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के विज्ञान विभाग व एक सोच नई सोच संस्था ने जल दिवस पर संयुक्त कार्यक्रम किया।। चीफ 'ज्युडिशियल मैजिस्ट्रेट एवं डीएलसी सचिव कीर्ति वशिष्ठ ने कहा कि विश्व जल दिवस का महत्व केवल एक दिन के लिए सीमित नहीं है। बल्कि हमें पूरे साल जल संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर कुल जल का केवल तीन प्रतिशत जल ही पीने योग्य है। इनमें से अधिकांश ग्लेशियर व बर्फ की चादरों में ढका हुआ है। ऐसे में स्वच्छ जल बहुत ही सीमित मात्रा में उपलब्ध है। प्राचार्या डॉ.सुरिंद्र कौर, गणित विभाग अध्यक्ष कनिका गोयल व संस्था की प्रेजीडेंट शशि गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के जरिए जल बचाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कीर्ति वशिष्ठ ने कहा कि उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। शशि गुप्ता ने कहा कि जागरूकता के द्वारा ही जल को बचाया जा सकता है। देश के 255 जिलों में वर्षा के जल के संचयन और सरंक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया



## प्रिंसी ने वेस्ट से बनाई शानदार ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन में कलात्मक अभिव्यक्ति विषय पर टैलेंट हंट प्रतियोगिता हुई। जिसका उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को सामने लाना था।

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में पॉट डेकोरेशन, पेंसिल व स्केच, वॉल हैंगिंग, पेपर क्राफ्ट, कोलाज मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट और कैलिग्राफी कला शामिल थी। बेस्ट आउट ऑफ वेस्टर में प्रिंसी वर्मा ने ट्रॉफी बनाकर प्रथम पुरस्कार जीता। पेपर क्राफ्ट में मनीराज, पेंसिल एंड स्केचस में मनीराज, परीषा, कशिश के स्केचस ने सभी का मन मोहा। वॉल हैंगिंग में आरजू, विकास कुमार एवं वंदना, कैलीग्राफी में वंदना, पॉट डेकोरेशन में आरजू, हर्षित एवं दीक्षा ने अद्भुत प्रदर्शन किया। संस्थान वाइस चेयरपर्सन इंदु जिंदल ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ. लक्ष्य अग्रवाल, डॉ. अश्विनी कुमार ढींगरा व कन्वीनर हरप्रीत कौर मौजूद रहे।



## रादौर की किसान महापंचायत के लिए रवाना हुए सैकड़ों किसान

■ सरकार पर संगठन को तोड़ने की साजिश रचने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपराणा नंबरदार के नेतृत्व में वीरवार को जिले से सैंकड़ों किसान कुरुक्षेत्र किसान महापंचायत के लिए रवाना हुए। भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि आज सरकार किसानों को बर्बाद कर रही है। जब किसान अपनी आवाज उठाते हैं तो उनकी आवाज को दबाया जाता है। संयुक्त किसान मोर्चा की महापंचायत देवीलाल पार्क कुरुक्षेत्र में होगी। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष रतनमान व मोर्चा के नेताओं के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के निवास कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें पूरे प्रदेश से हजारों किसान शामिल होंगे। आज किसानों को संगठित होना पड़ेगा। सरकार किसानों के संगठन को तोड़ना चाहती है। सरकार की मंशा किसानों के प्रति ठीक नहीं है। यह सरकार कारपोरेट घरानों की सरकार है। कृषि विपणन नीति के तहत दोबारा काले कानून लगाने जा रही है। जिससे प्रदेश की मंडियां बिल्कुल खत्म हो जाएंगी। किसानों को अभी इस बात की भनक नहीं है। उन्होंने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि आज संयुक्त किसान मोर्चा जो भी फैसला लेगा, वह सभी किसान एकत्रित होकर अपनी ताकत के साथ इस सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने के लिए तैयार रहें। मौके पर मानसिंह, सुभाष शर्मा, राहुल संधाए, यादविंदर जयपुर, महेंद्र चमरोड़ी, सुभाष हरतौल, दिलबाग ताहरपुर, अशोक डांगी, जसबीर अजीजपुर आदि मौजूद रहे।



रादौर। महापंचायत में भाग लेने के लिए रवाना होते किसान। फोटो: हरिभूमि

### वीरवार को आठ गांवों में मोबाइल वैन ने जांची पानी की गुणवत्ता

# 31 मार्च तक गांव-गांव में होगी पानी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए जिले में वॉटर टेस्टिंग मोबाइल लैब वैन शुरू की गई है। यह मोबाइल लैब वैन 31 मार्च तक गांव-गांव जाकर जल की गुणवत्ता जांचेगी। वीरवार को मोबाइल लैब वैन ने ग्राम पंचायत पंजेटों, मुंडाखेड़ा, मांडखेड़ी, मीरपुर, सलेमपुर बांगर, मामली व छारों ग्राम पंचायत के ट्यूबवेल पर जाकर पानी के सैंपल लिए और उनके पानी में केमिकल की जांच की।

विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल ने बताया कि सृष्टि में पानी का विशेष महत्व है वहीं शुद्ध जल ही हमारे स्वास्थ्य को बरकरार रखता है। इसलिए पानी की गुणवत्ता काफी मायने रखती है। जल जीवन मिशन व जल शक्ति अभियान के तहत ही यह संदेश शासन प्रशासन द्वारा लगातार आम जन तक पहुंचाया जा रहा है। विभागीय टीम जहां गांव- गांव जाकर जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता, शुद्ध पेयजल के प्रति ग्राम वासियों को जागरुक कर रही है



■ जल जीवन मिशन के तहत जनस्वास्थ्य विभाग ने शुरू की वॉटर टेस्टिंग की मोबाइल लैब

यमुनानगर। गांव पंजेटों में मोबाइल लैब वैन के साथ जिला सलाहकार रजनी गोयल एवं केमिस्ट उज्जवल।

### जिले में काम करेगी मोबाइल टेस्टिंग लैब

वॉटर टेस्टिंग मोबाइल लैब भी इसी कार्य को पूरा करेगी। गोयल ने बताया कि वॉटर टेस्टिंग मोबाइल लैब एक आधुनिक उपकरण है। इसके द्वारा गांव में पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए मौके पर ही पानी की जांच की जा सकती है। यह एक चलती- फिरती पानी जांच करने की लैब है। जो दूर दराज के इलाकों में जो रिमोट एरिया में आते हैं। वहां यह सबसे उपयोगी साबित होती है। वही महामारी व आपातकाल की स्थिति पैदा होने पर यह मोबाइल लैब के माध्यम से किसी भी गांव में कुछ समय तक स्टेशन लैब के रूप में भी स्थापित किया जा सकता है।

जिला सलाहकार रजनी गोयल ने बताया कि मोबाइल वैन जिले में 31 मार्च तक गांव- गांव जाकर पानी की जांच करेगी। एक दिन में 7 से 8 गांव के वॉटर सैंपल की जांच की जा रही है। टेस्टिंग के दौरान पानी के कुल नौ पैरामीटर की जांच की जा रही है। जिसमें टीडीएस, पीएच, टर्बिडिटी ,आयरन, हार्डनेस फ्लोराइड, नाइट्रेट, सल्फेट व जिंक तत्व शामिल हैं। जिनकी टेस्टिंग में जांच की जा रही है।

## एक नवरात्र घटा, तृतीया तिथि का क्षय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि और शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस दौरान देवी भगवती के 9 अलग-अलग स्वरूपों की विधिवत पूजा की जाती है। नवरात्रि के 9 दिनों का व्रत रखा जाता है। इसके साथ ही नवरात्रि की शुरूआत अखंड ज्योति और कलश स्थापित करके किया जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र मास शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत होती है। चैत्र नवरात्रि से ही हिंदू नववर्ष

# नवरात्र में हाथी पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

## मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा करने से मिलता दुख-कष्टों से छुटकारा : रामराज


रामराज कौशिक।

की शुरूआत होती है। इस साल 30 मार्च 2025 को चैत्र नवरात्रि शुरू होगा और 7 अप्रैल 2025 को समाप्त होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा करने से समस्त दुख-कष्टों से छुटकारा मिलता है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। पंडित रामराज कौशिक के अनुसार, चैत्र माह शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च 2025 को शाम 04 बजकर 27 मिनट पर होगी और अगले दिन 30 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, 30 मार्च 2025 को दिन रविवार से चैत्र नवरात्रि शुरू होगी।

### चैत्र नवरात्र 30 को

इस साल चैत्र नवरात्रि 30 मार्च को रविवार के दिन पड़ रही है। इस साल मां दुर्गा की हाथी पर सवार होकर धरती पर आएंगी। मां दुर्गा का हाथी पर सवार होकर आना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इससे आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलता है। धन-धान्य में वृद्धि होती है। इस दौरान मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना से सुख-समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है।

### चैत्र नवरात्रि कलेंडर

| | | |
|---|---|---|
| 30 मार्च | प्रतिपदा तिथि | मां शैलपुत्री |
| 31 मार्च | द्वितीया तिथि- | मां ब्रह्मचारिणी |
| 1 अप्रैल | तृतीया तिथि | मां चंद्रघंटा |
| 1 अप्रैल | चतुर्थी तिथि | मां कूष्मांडा |
| 2 अप्रैल | पंचमी तिथि | मां स्कंदमाता |
| 3 अप्रैल | षष्ठी तिथि | मां कात्यायनी |
| 4 अप्रैल | सप्तमी तिथि | मां कालरात्रि |
| 5 अप्रैल | अष्टमी तिथि | मां महागौरी |
| 6 अप्रैल | नवमी तिथि | मां सिद्धिदात्री |

## आईआईटी की स्थापना से बढ़ेगा कुरुक्षेत्र में शिक्षा का स्तर : एडवोकेट अंकित गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



प्रसिद्ध उद्योगपति व कुरुक्षेत्र से सांसद श्री नवीन जिंदल द्वारा कुरुक्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की मांग करना एक सराहनीय और दूरदृष्टि से भरा कदम है। यह कदम न केवल कुरुक्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार के नए अवसर भी खोलेगा। ऑल इंडिया लॉयर्स फौरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानव अधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य व कांग्रेसी नेता एडवोकेट अंकित गुप्ता ने इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र जैसे ऐतिहासिक और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित शहर में आईआईटी की स्थापना से युवाओं को न केवल बेहतर शैक्षिक अवसर मिलेंगे, बल्कि तकनीकी शिक्षा में भी नवाचार और प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। इससे स्थानीय छात्रों को देश-विदेश में उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनका समग्र विकास होगा।

## खबर संक्षेप



### गायत्री अखिल भारतीय स्तर पर निबंध लेखन में प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर 3 विद्यालय की कक्षा चतुर्थ की छात्रा गायत्री ने विद्या भारती द्वारा संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में शिशु-वर्ग में प्रथम स्थान पाया। विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने वंदना सभा छात्र को सम्मानित किया।

### कुरुक्षेत्र में समय उपनिषद् की रचना हुई : सिद्धार्थ

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु धाम संस्थान मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया की विशेष कृपा से समर्थगुरु धाम में मुरथल महोत्सव धूमधाम से 17 मार्च से 22 मार्च 2025 तक चल रहा है। मुरथल महोत्सव कार्यक्रम में हिमाचल संघ की सुंदर प्रस्तुति रही। शिव कैलाश के वासी गीत पर मां साधना, मां रोहणी, मां निधि, मां पावनी, मां हितैषी, स्वामी जयदेव, स्वामी दीपक कुंद्रा ने बहुत सुन्दर अभिनय कला की की प्रस्तुति दी।

## क्वालिटी मशीन से ही फसल चेक करवाए जाने की मांग

# चावल को मैन्युअल तरीके से चेक करने के आदेश से मिलर्स में रोष

- मैनुअल तरीके से जांच होने पर व्यापारियों को परेशान किए जाने का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



चावल की डिलीवरी के समय क्वालिटी मशीन की बजाय मैनुअल तरीके से चेक करने के आदेश को लेकर राइस मिलर्स में गहरा रोष है। राइस मिलर्स एसोसिएशन हरियाणा के उप प्रधान जनक राज सिंगला ने बताया कि हाल ही में अधिकारियों द्वारा आदेश दिया गया है कि चावल डिलीवरी के समय चेक की जाने वाली क्वालिटी को मशीन की बजाय मैनुअल तरीके से जांचा जाएगा। जो किसी भी हाल में पारदर्शी नहीं है। उन्होंने कहा कि कई साल से सरकार मशीनों द्वारा क्वालिटी को चेक करती आ रही है। अब सरकार को अपनी ही मशीनों पर ऐतबार नहीं रहा। मैनुअल तरीके से जांच होने पर व्यापारियों को परेशान किए जाने का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि लगभग 60 प्रतिशत चावल की डिलीवरी हो चुकी है। अब बचे हुए माल को लेने में सरकार आनाकानी कर रही है। कभी पीवी तो कभी चेकिंग के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। जब सरकार को धान की खरीद करनी होती है। तब किसानों के दबाव के चलते व्यापारियों को सभी मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया जाता है। लेकिन बाद में नियमों में बदलाव करके व्यापारियों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। सिंगला ने कहा कि चावल नीति में बदलाव की जरूरत है। सरकार के नियमानुसार 67 किलो चावल प्रति क्विंटल राइस मिलर को देना होता है। जबकि कोई भी बीज ऐसा नहीं है। जिसमें से 61 या 62 किलो से अधिक चावल निकलता हो। सरकार चाहे तो खुद सैंपल के तौर पर कुछ धान की खरीद करके चावल निकाल कर देख सकती है। उन्होंने कहा कि नियमों में बदलाव के कारण पहले ही राइस मिलर घाटे से गुजर रहा है। स्टॉक ना मिलने से पहले ही डिलीवरी में देरी हो रही है। उधर, मौसम के कारण भी चावल की क्वालिटी प्रभावित होकर सूखने के कगार पर है। जिससे वजन घट रहा है। अगले महीने गेहूं का सीजन भी शुरू होने वाला है। लेबर भी इस सीजन में चली जाएगी। ऐसे में राइस मिलर को मजदूरों की कमी की समस्या से भी गुजरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सुनवाई ना होते देख व्यापारी चुप करके बैठे हुए हैं। मिलर्स मांग है कि डिलीवरी के समय क्वालिटी मशीन से ही चेक करवाई जाए ताकि मेनुअल तरीके से गड़बड़ी की आशंका ना रहे।

### मशीनों से चेक होगी क्वालिटी : डीएम

इस मामले को लेकर एफसीआई के डीएम मंजूनाथ का कहना है कि जहां मशीनें हैं। वहां मशीनों से ही क्वालिटी चेक की जाएगी। मेन्युअल का आदेश उन गोदाम के लिए है। जहां मशीनें नहीं है। नियम के अनुसार तय क्वालिटी युक्त चावल की डिलीवरी लेना अधिकारियों का दायित्व है। इसी पॉलिसी पर काम किया जा रहा है।

## राम नाम की धुन से वातावरण बना राममय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- रामनवमी के उपलक्ष में प्रभात फरियों का किया आयोजन



रामनवमी के उपलक्ष में बैकुंठपुरी हनुमान मंदिर से निकल जा रही प्रभात फेरिया की श्रृंखला में वीरवार की प्रभात फेरी का कुंज गली, हुड्डा नजदीक अग्रसेन चौक पर फूल मालाओं व पटाखों से स्वागत किया गया। राम नाम की धुन व भजनों से वातावरण राममय हो गया। मंच संचालन मन्दिर सभा के प्रधान सुधीर सूद द्वारा बखूबी निभाया गया स्थानीय विधायक रामकरण काला व सुभाष कलसाना ने प्रभात फेरी मे पहुंच कर पंडित चिराग शर्मा से आशीर्वाद ओर आयोजको को मन्दिर सभा की ओर से स्मृति चिहन प्रदान किया। भजनीक अवशीष शर्मा द्वारा गए गए भजन राम जी की सेवा चली पर आई हुई सभी संगत धिरकने को मजबूर हो गई। सागर कोहली के भजन चल मना वृंदावन चलिए ने सगंत को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर मंदिर सभा की ओर से आयोजक परिवार को स्मृति चिह्न दिया गया। राम भक्तकुजं गली के सीताराम बत्रा विलायती राम पाहवा, राजीव अग्रवाल , नवीन, हरमिंदर छाबड़ा, गुरविंदर पाल डीक्की, राज मक्कड़, बलराज गुप्ता, प्रह्लाद भगत, शिवदरशन आदि मौजूद रहे।

## नवीन जिन्दल मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोग ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभ : धर्मवीर सिंह

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से तीन मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल युनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही हैं। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आज सुबह थानेसर हल्के के दबखेड़ी और दोपहर बाद जोगनाखेड़ा में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। इन मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन पर प्रकाश डालते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरूआत की है। आज थानेसर के दोनों शिविरों में 200 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद निःशुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 22 लोगों के रक्त एवं यूरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को खान-पान संबंधित जानकारी भी दी जाती है।





## बर्फानी सेवा मंडल ने कुलवंत सिंह भट्टी को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** बर्फानी सेवा मंडल के वार्षिक समारोह में हिंदू-सिख एकता के प्रतीक बजरंगी सरदार कुलवंत सिंह भट्टी को उनकी धार्मिक-राष्ट्रीय एकता समरसता व आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए सम्मानित किया गया। बर्फानी सेवा मंडल के प्रधान सुरेश ने कहा कि संसार में ऐसे लोग कम मिलते है जो कि अपने निस्वार्थ भाव से आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहते है।

## यज्ञ करने से पर्यावरण होता शुद्ध : स्वामी

- धर्मनगरी के केशव पार्क में 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ का किया जा रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज।

यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम महाराज ने कहा कि यज्ञ करने से पर्यावरण शुद्ध होता है। वर्तमान में पर्यावरण लगातार प्रदूषित होता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण को शुद्ध करने की आवश्यकता है और पर्यावरण को शुद्ध करने का यज्ञ ही एक माध्यम है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण से पूरा विश्व चिंतित नजर आ रहा है। यदि प्रत्येक घर में यज्ञ होना प्रारंभ हो जाए तो प्रदूषण की समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। केशव पार्क में पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी हरिओम महाराज ने कहा कि धर्मनगरी के केशव a में 18 से 27 मार्च तक 1008 कुण्डीय जनकल्याण शिव शक्ति महायज्ञ शुरू हो चुका है। इस महायज्ञ में हर रोज एक लाख आहुतियां डाली जाएंगी। 27 मार्च तक चलने वाले महायज्ञ को पूरा करवाने के लिए देश भर से 1200 प्रकांड ब्राह्मण व 1500 विद्वान कुरुक्षेत्र में पहुंचे हैं। लोगों में भी महायज्ञ के प्रति गहरी श्रद्धा व उत्साह दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में सुबह ही श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि यह 102वां यज्ञ है। उन्होंने पूरे भारत वर्ष में 108 महायज्ञ करने का संकल्प लिया है। कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए यज्ञ बहुत जरुरी है। उनका उद्देश्य है कि घर-घर यज्ञ, हर घर यज्ञ। हर घर में यज्ञ का आयोजन किया जाए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस 1008 कुंडीय यज्ञ में आहुति आवश्य डाले। यदि कोई इस महायज्ञ में शामिल नही हो सकता तो वह अपने घर से ही आहुति डाले। आजकल जो आप्राकृतिक घटनाएं हो रही है उससे यज्ञ द्वारा ही निजात पाई जा सकती है। उन्होंने विशेषकर सफाई कर्मचारियों से इस महायज्ञ में शामिल होकर अपनी आहुति डालने का आहवान किया।

## लाखों पर्यटक देखने के लिए पहुंचेंगे भव्य महाभारत अनुभव केन्द्र ज्योतिसर : डीसी

- इस प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से करीब 205 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से गीता स्थली ज्योतिसर में देश का सबसे भव्य और सुंदर महाभारत अनुभव केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट पर सरकार की तरफ से करीब 205 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा रहा है। इस महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर को देखने के लिए देश विदेश से लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचेंगे। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सरकार की तरफ से ज्योतिसर तीर्थ को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है, इसलिए इस लिहाज से इस तीर्थ की सफाई व्यवस्था की जानी चाहिए, घाटों को स्वच्छ बनाया जाए, पर्यटकों को गाइड करने के लिए अच्छे गाइड की व्यवस्था की जाए और सबसे ज्यादा फोकस पार्किंग पर रखा जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस विश्व स्तरीय संग्रहालय का निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। निमार्णाधीन संग्रहालय के चारों तरफ सौंदर्यीकरण पर भी फोकस रखने के निर्देश देते हुए कहा कि लंबित विकास कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ज्योतिसर की पावन धरा पर गीता के उपदेश दिए थे। इस ज्योतिसर में निमार्णाधीन प्रोजेक्ट पर सरकार ने सैंकडों करोड़ रुपए खर्च किए है, इसे भव्य और सुंदर बनाया जाएगा ताकि देश विदेश के कोने-कोने से पर्यटक इस तीर्थ स्थल का अवलोकन करके यहां से महाभारत के दौरान दिए गए उपदेशों के अनुभव को अपने साथ ले जा सके।

## विश्व की 90 फीसदी आबादी झेलती मौखिक बीमारियां : डॉ. संजय गिरधर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


डॉ. संजय गिरधर।

विश्व की 90 फीसदी आबादी अपने जीवनकाल में मौखिक रोगों से प्रभावित होती है। ऐसे में साफ तौर पर मुंह के स्वास्थ्य को लेकर लोगों की सजगता का अहसास लगाया जा सकता है। ज्यादातर लोगों को तो टूथब्रश करने तक की सही प्रक्रिया के बारे में पता तक नहीं है। इसी वजह से समय से पहले ही लोगों के दांत खराब हो जाते हैं। यह जानकारी स्थानीय सेक्टर 17 स्थित गिरधर क्लीनिक संचालक एवं जाने माने दंत रोग विशेषज्ञ डा. संजय गिरधर ने विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर दी। डा. गिरधर ने कहा कि आज विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस- 2025 मनाया जा रहा है। मौखिक स्वच्छता और समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, इसलिए तो दांतों और मुंह के स्वास्थ्य का ख्याल रखना सबसे जरूरी है। यह अज्ञानता मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों का कारण बन सकती है। उन्होंने कहा कि हर साल 'विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस' मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करने के लिए एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस 2025 का थीम 'एक खुश मुंह-एक खुश दिमाग' , रखा गया है। उउन्हें दांतों को साफ करना, स्वस्थ आहार लेना और दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए, ताकि स्वस्थ रहा जा सके।

### मौखिक स्वास्थ्य इसलिए जरूरी

मौखिक स्वास्थ्य का संबंध केवल सफेद दांत से ही नहीं है, बल्कि समग्र अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने से भी है। खराब मौखिक स्वास्थ्य के कारण कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं। खराब आहार और अनदेखी के कारण दांतों में सड़न और छेद हो जाते हैं। मसूड़ों की बीमारियां जैसे मसूड़े की सूजन और पेरिओडोंटाइटिस दांतों के नुकसान का कारण बन सकती हैं। शराब और तंबाकू का सेवन मौखिक कैंसर का कारण बन सकता है। सांसों की बदबू किसी अंतर्निहित चिकित्सा स्थिति का संकेत हो सकती है।

### बच्चों के मुंह में आते हैं 20 दांत

*डा. गिरधर ने बताया कि बच्चों के मुंह में 20 दांत आते हैं। इन्हें ही दूध के दांत भी कहा जाता है। इसके बाद जब वह व्यस्क होते हैं तो 32 दांत आ जाते हैं; वहीं वृद्धावस्था में इनकी संख्या कम होती रहती है।*

## भगवान परशुराम कॉलेज में पाइट क्वेस्ट टेस्ट का किया आयोजन



- विभिन्न संकायों के 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

भगवान परशु राम कॉलेज, कुरुक्षेत्र के वाणिज्य विभाग एवं पानीपत इंस्टीटयूट ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी के संयुक्त तत्वावधान में पाइट क्वेस्ट टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष परीक्षा कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। इस टेस्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, ज्ञानवर्धन तथा छात्रवृत्ति प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के 120 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पानीपत इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कविता रानी और सहायक प्रोफेसर संदीप गोयल ने बताया कि पाइट इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी संस्थान, हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिष्ठित संस्थान है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्रवृत्ति परीक्षणों के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम का आयोजन भगवान परशु राम कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। मंच संचालन की भूमिका पूजा बेक्टर ने निभाई और उन्होंने विद्यार्थियों को इस टेस्ट में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**परीक्षा** गुरुकुल में प्रवेश के लिए शिक्षा उत्सव का किया भव्य आयोजन

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली से ही संभव : आचार्य देवव्रत

### अपने बच्चों के साथ पधारे हजारों अभिभावकों को किया सम्बोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्राचीन समय में हमारे देश ऋषि-मुनि द्वारा गुरुकुलों में ही बच्चों को शिक्षित किया जाता था क्योंकि गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली से बच्चे का सर्वांगीण विकास सम्भव है। उक्त शब्द गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित गुरुकुल शिक्षा उत्सव में अपने बच्चों के साथ पधारे हजारों अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहे। उन्होंने कहा कि आधुनिक शिक्षा से आज बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर व दूसरे क्षेत्रों में अपना भविष्य तो बना रहे हैं मगर युवा पीढ़ी में संस्कारों की कमी स्पष्ट देखी जा रही है, देश में बढ़ते वृद्धाश्रमों की संख्या इसका



**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल शिक्षा उत्सव में अभिभावकों को संबोधित करते गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

प्रत्यक्ष प्रमाण है। गुरुकुल में छात्रों को अक्षरज्ञान के साथ पुरातन संस्कारों की अमूल्य धरोहर प्रदान की जाती है जिससे वे बड़े होकर सभ्य समाज के निर्माण में अपना योगदान दें, अपने कर्त्तव्यों का पालन करने हुए बुढ़ापे में अपने मां-बाप की सेवा करें। इस अवसर पर ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, गुरुकुल नीलोखेड़ी के शिवकुमार आर्य, अजुर्नदेव आर्य, गुरुकुल ज्योतिसर के प्राचार्य सचिन आर्य, आर्यकुलम् नीलोखेड़ी के प्राचार्य दिनेश राणा आदि मौजूद रहे। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि मोबाइल आज अभिभावकों के लिए एक चुनौती बन गया है क्योंकि बच्चे मोबाइल के आदि हो रहे है। इसके अलावा युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति भी समाज के लिए घातक बनती जा रही है। ऐसे में बच्चों को संस्कारवान् बनाना, उन्हें मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। गुरुकुलों में ह्यसेवा, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कार के ध्येय वाक्य के अनुरूप छात्रों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है, जिससे यहां के बच्चे शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक क्षेत्र अग्रणी रहते हैं। आज प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे को गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रवेश दिलाना चाहता है, क्योंकि उन्हें पूर्ण विश्वास है उनके बच्चों का वर्तमान और भविष्य दोनों गुरुकुलीय शिक्षा से ही सुरक्षित हैं।

### विभिन्न परीक्षाओं की करवाई जाती तैयारी

डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने कहा कि एनडीए, आईआईटी, एनआईटी, नीट आदि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी गुरुकुल कैम्पस में ही अनुभवी शिक्षकों द्वारा दी जाती है। इस वर्ष गुरुकुल कुरुक्षेत्र से 10 छात्र और गुरुकुल ज्योतिसर से 4 छात्रों का चयन एनडीए में हुआ है वहीं आईआईटी में कई छात्र गये हैं। अभिभावक अपने बच्चे के भविष्य को लेकर निश्चिंत रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र, चमनवाटिका कन्या गुरुकुल अंबाला, गुरुकुल नीलोखेड़ी, आर्यकुलम् नीलोखेड़ी और गुरुकुल ज्योतिसर के अलावा गुरुकुल के नाम से चलने वाले किसी भी शिक्षण संस्थान से आचार्य देव्रवत का कोई लेना-देना नहीं है, अभिभावक किसी के बहकावे में आकर अपने बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें। बता दें कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र सहित अन्य गुरुकुलों में प्रवेश हेतु परीक्षाएं 20 से 24 मार्च तक गुरुकुल ज्योतिसर में आयोजित की जा रही है जिसके तहत आज 9वीं और 11वीं कक्षा में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी।

## खबर संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान बीके बहनें व अन्य।

### जो बातें दुखी करती हैं उन्हें पकड़ कर न बैठें

**अंबाला।** अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ आश्रम शांतिधाम की ओर से वीरवार को रेलवे कॉलोनी में *सीक्रेट ऑफ हैप्पीनेस* विषय पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा कि आज हर परिस्थिति में खुश रहना बहुत बड़ी चुनौती लगती है लेकिन जीवन में कुछ सकारात्मक चीजों को उतार कर हमेशा खुश रहा जा सकता है। खुश रहना अच्छी सेहत की निशानी है। ऐसा होना चाहिए ऐसा नहीं होना चाहिए अगर हम सोचें कि सब कुछ हमारे हिसाब से हो और सारी परिस्थितियां हमारे अनुकूल हो तो ऐसा सोचने से हमें खुशी नहीं मिलेगी। इससे बाहर की खुशी यानी क्षणिक खुशी मिलेगी, आंतरिक खुशी नहीं मिलेगी। खुश रहने का बहुत ही सरल फॉर्मूला है जो बातें हमें दुखी करती हैं हमें उन्हें पकड़ कर नहीं बैठ जाना चाहिए।

### शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन मे आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उदेश्य से जिलें मे निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करते हैं। गर्ग वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे।

## तोड़े गए शेड को पुलिस ने किनारे किया, किसानों को जरुरत का सामान ले जाने की छूट

# भारी बैरिकेडिंग को हटाने में छूट रहे पसीने, लोगों को 20 किलोमीटर अतिरिक्त घूमकर जाने से मिली राहत

### किसान हटाने के बाद पंजाब पुलिस ने संभाला मोर्चा, किसानों को एकजुट करने वाले नेताओं की धरपकड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शंभू बॉर्डर की दोनों लेन से ट्रैफिक बहाल हो गया। इससे पहले वीरवार सुबह एक लेन से ट्रैफिक को चालू किया गया था। शाम को प्रशासन की ओर से दूसरे लेन पर लगे भारी भरकम बैरिकेड को हटाकर ट्रैफिक शुरू कर दिया गया। 13 महीने से बंद पड़े शंभू बॉर्डर पर एक बार फिर वाहनों की आवाजाही से वाहन चालकों को बेहद बड़ी राहत मिली। अब उन्हें 20 किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पडेगा। अब प्रशासन की ओर से अंबाला-राजपुरा रोड़ का भी खोलने की तैयारी चल रही है। किसान आंदोलन की वजह से यह सड़क भी बंद पड़ी थी।


#### दोनों लेन से बैरिकेड हटाए गए

शंभू बॉर्डर पर दिल्ली-अमृतसर व अमृतसर- दिल्ली नेशनल हाइवे की दोनों लेन से भारी भरकम बैरिकेड हटा दिए गए। इसी वजह से वीरवार शाम को प्रशासन की ओर से दोनों लेन पर ट्रैफिक बहाल कर दिया था। जेसीबी के जरिए भारी भरकम बैरिकेड्स को हटाया गया। साथ ही किसानों को रोकने के लिए लगाई गई नुकीलें कीलें भी सड़क खोदकर हटा दी गई। 13फरवरी 2024 में अपनी मांगों को लेकर यहां डेरा डालने वाले किसानों को हरियाणा सरकार ने दिल्ली कूच से पहले ही शंभू बॉर्डर पर भारी भरकम बैरिकेड लगाकर रोक दिया था। इसके बाद से यह शंभू बॉर्डर का रास्ता पूरी तरह से बंद था। वीरवार सुबह से ही जेसीबी के जरिए कंक्रीट के बैरिकेड्स हटाने का काम हुआ। पंजाब पुलिस पहले ही किसानों द्वारा बनाए गए ढांचों को तोड़कर उन्हें हटा चुकी थी।पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने कहा कि रोड को क्लियर करने का काम किया जा रहा है। अंबाला प्रशासन की ओर से अपने स्तर पर बैरिकेड हटाने की कार्रवाई पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 100 किसानों को डिटेन किया गया है। बॉर्डर से जब्त पुराने शंभू थाने में ट्रेक्टर ट्रॉलियां खड़ी की जार रही हैं। अपनी ऑनरशिप दिखाकर किसान वहां से सामान लेकर जा सकते हैं।

#### कड़ी सुरक्षा

- किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्रशासन मुस्तैद
- शंभू बॉर्डर पर तोड़े गए शेडों को हुआ भारी नुकसान
- वाहनो की आवाजाही शुरू होने से जल्द शुरू हो जाएगी टोल पर वसूली
- प्रशासन अंबाला राजपुरा रोड को भी खोलने की तैयारी में





#### तोड़े गए शैड साइड में किए गए

शंभू बॉर्डर पर किसानों की ओर से लगाए गए पक्के शैड़ों को जेसीबी के जरिए तोड़कर हाइवे के किनारे डाल दिया गया है। अब किसान इन टूटे शैड़ों से अपनी जरुरत का सामान तलाश रहे हैं। किसान एकजुट न हो इसलिए पंजाब पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर मोर्चा संभाल रखा है। खुद एसएसपी नानक सिंह यहां पुलिस अमले के साथ किसानों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। पुलिस की ओर से किसानों को यहां से अपना सामान समेटने की छूट दी गई है। उधर पुलिस कार्रवाई से सबसे ज्यादा नुकसान टेंट वालों का हुआ है। शंभू बॉर्डर पर लगे किसानों के ज्यादातर टेंट किराये पर थे। इन टेंटों को पुलिस की ओर से जेसीबी के जरिए तबाह कर दिया गया। अब टेंट मालिक भी यहां अपना सामान तलाश रहे हैं।

#### जल्द शुरू होगा टोला प्लाजा

किसान आंदोलन की वजह से शंभू बॉर्डर पर टोला प्लाजा भी 13 महीने से बंद पड़ा था। शंभू बॉर्डर से किसान हटाए जाने के बाद वीरवार को टोला प्लाजा की सफाई की गई। वाहनों की आवाजाही शुरू होने से अब जल्द ही यहां वाहनों से टोल वसूलने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। काफी समय से टोल बंद होने से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा था।



#### किसानों की धरपकड़ जारी

*शंभू बॉर्डर से किसानों को हटाने के लिए अब पुलिस उन किसान नेताओं पर शिकंजा कसने की कार्रवाई कर रही है जोकि दूसरे किसानों को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे किसानों के सोशल मीडिया अकाउंट्स को बंद किया जा रहा है। उन्हें हिरासत में लेने के लिए धरपकड़ की जा रही है। पुलिस ने ऐसे कई किसानों के घरों के बाहर नोटिस भी चस्पाए गए हैं। इन नोटिसों में उन्हें पहले से लंबित केसों में जांच में शामिल होने के आदेश दिए जा रहे हैं। किसान आंदोलन को कुचलने के बाद अब पुलिस उन्हें दोबारा एकजुट होने का मौका नहीं देना चाहती। इसी वजह से यह कार्रवाई हो रही है।*



#### धोखे से हुई नेताओं की गिरफ्तारी

*भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बातचीत के बाद किसान नेताओं सरवण सिंह पंधेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र व राज्य सरकार की जमकर आलोचना की। यूनियन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि सरकार ने धोखे से किसान नेताओं को हिरासत में लिया है। उन्होंने कहा कि किसानों कि आवाज को दबाने के लिए सोची समझी साजिश के तहत यह कार्रवाई है। मोहड़ी ने कहा कि सरकार उनकी आवाज नहीं दबा सकती। किसान फिर अपने आंदोलन को खड़ा करेंगे। उन्होंने सभी किसान साथियों से पंजाब व केंद्र सरकार के पुतले फूंकने के आदेश दिए।*

**अंबाला-राजपुरा सड़क जल्द खुलेगी**

*शंभू बॉर्डर पर अंबाला से राजपुरा आने वाली सड़क भी जल्दी ही लोगों के लिए खुल जाएगी। सड़क पर बैरिकेडिंग हटाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब सफाई का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा पंजाब पुलिस के अधिकारियों की एक टीम भी पहुंची है।*

### हास्य योग से तनाव से मुक्ति - योग साधक

**नारायणगढ़।** योग एवं प्राणायाम से व्यक्ति जहां रोगों से दूर रहता है वहीं तनाव मुक्त रह कर स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। गांव काठेमाजरा के योग साधक गुलजारा राम की मानें तो योग में तो सभी आसनों का स्वास्थ्य की दृष्टि से अलग-अलग महत्व है लेकिन हास्य आसन का अपना एक अलग महत्व है। उन्होंने कहा कि जीवन में अच्छे स्वास्थ्य के लिए हसना भी बेहद जरूरी है। वे हास्य आसन करते हुए न केवल स्वयं हंसते है बल्कि अपने हंसी के ठहाकों से दूसरों को भी हंसने पर मजबूर कर देते है। उन्होंने कहा कि वे नशों से दूर है और पिछले करीब 15 सालों से योग से जुड़े हुए हैं। वे प्रति दिन एक घंटे योग एवं प्राणायम करते हैं। उनका सदैव प्रयास रहता है कि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़े और स्वास्थ्य लाभ ले। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग योग से जुड़े और नशों से दूर रहे। उन्होंने बताया कि हास्य आसन जिसे लाफ्टर योग भी कहते हैं कई तरह के शारीरिक और मानसिक लाभ प्रदान करता है। इस आसन से तनाव कम करना, मूड बेहतर करना, और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। हास्य आसन से शारीरिक लाभ, तनाव कम करना, हंसी तनाव के स्तर को कम करती है, जिससे मन शांत और तनावमुक्त होता है।हृदय स्वास्थ्य में सुधार-हंसी से रक्त संचार बेहतर होता है, जो रक्तचाप को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। पेट की मांसपेशियों को मजबूत करना-हंसी से पेट की मांसपेशियों को व्यायाम मिलता है जिससे वे मजबूत होती हैं।

- गुलजारा राम हास्य योग के जरिए लोगों को दे रहे हैं नई जिंदगी



# छात्रों के साथ लोगों को भी विरासत स्थलों के प्रति किया गया जागरुक

- डीएवी कॉलेज में लगाई गई विरासत स्थलों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, चंडीगढ और कॉलेज के इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा राज्य के संरक्षित विरासत स्थलों से संबंधित एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन डॉ. यूवी सिंह, पूर्व प्रोफेसर एवं इतिहास विभागाध्यक्ष एसडी कॉलेज और सदस्य वार हीरोज मेमोरियल अंबाला कैंट द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने मुख्यअतिथि डॉ. यूवी.सिंह का स्वागत किया। सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिकों में अपने विरासत स्थलों के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता पैदा करना है। इस प्रदर्शनी के सह संयोजक इतिहास विभागाध्यक्ष डीएवी कॉलेज डॉ. चांद सिंह ने बताया कि कॉलेज का इतिहास विभाग पहले भी प्रदर्शनी लगवाता रहा है। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति रूचि जागृत करना है ताकि भविष्य के नागरिक अपनी सभ्यता, संस्कृति एवं सांस्कृतिक धरोहरों को न भूलें।



**अंबाला।** प्रदर्शनी के दौरान ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी लेते शिक्षक व अन्य।

इस प्रदर्शनी का सुचारू आयोजन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, हरियाणा चण्डीगढ की ओर से डॉ. सुरूचि चावला, विजय कुमार, जसविंद्र पाल सिंह व सतप्रीत सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉ. आरएस परमार, डॉ. रेखा शर्मा, प्रोफेसर मोनिका शर्मा, प्रोफेसर नीरज, प्रोफेसर सिम्मी सभ्रवाल, प्रोफेसर प्रियंका मलिक, डॉ. दर्शन लाल, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, डॉ. जसमेर सिंह, अतिमुक्त जैन, प्रोफेसर शांत कौशिक, डॉ. मधु गोयल, प्रियंका चौधरी, डॉ. विनय, डॉ. सुखदेव, प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा, डॉ. शालू गुप्ता एवं प्रो मीना मलिक मौजूद थी।



### राजकीय-प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में सुधार के लिए तैयार होगी रणनीति

**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय मेंटर क्षमता वर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला में जिला के सभी मेंटरों को विभिन्न दक्षताओं से परिचित करवाया गया और उनकी क्षमताओं के विकास पर जोर दिया गया।कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रशिक्षुओं को प्रस्तुतीकरण और समन्वय की महत्ता से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने एबीआरसी और बीआरपी को अपनी /"आर्मी/" संबोधित करते हुए कहा कि अंबाला के सभी राजकीय विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है और इसे प्रोत्साहित करने के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी वर्णमाला को एक नया रूप दिया, जिसमें /"ए/" से एडमिशन, /"बी/" से बैग, /"सी/" से क्लासरूम, /"डी/" से ड्रेस, /"ई/" से एजुकेशन और /"एफ/" से फूड—जो सरकारी विद्यालयों में दी जाती है—पर विस्तार से चर्चा की।कालड़ा ने हाल ही में आयोजित मेगा मॉनिटरिंग कार्यक्रम के नतीजे भी प्रस्तुत किए, जिनके अनुसार अंबाला जिले के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में पठन-पाठन की प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार देखा गया। इसी के आधार पर अंबाला को 'सक्षम' और 'निपुण' बनाने के लिए नई रणनीति तैयार की जाएंगी।कार्यक्रम के दौरान निपुण टीम अंबाला, खंड संसाधन संयोजिका मोनिका और विद्यालय की प्रधानाचार्या मंजू बाला भी उपस्थित रहीं।

### एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक की स्थापना के लिए मंत्री ने स्वैच्छिक कोष से दिए बारह लाख रुपये



**अंबाला।** अंबाला छावनी में फुटबॉल का सुनहरा दौर फिर से लौटे इसके लिए उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने फुटबॉल के दादा कहे जाने वाले "एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक" की स्थापना करवा रहे हैं। इस शुभ कार्य के लिए उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से 12 लाख रुपए नगर परिषद को जारी कर दिए हैं। विज ने नगर परिषद को एसडी चटर्जी की याद में फुटबॉल चौक निर्माण करने को कहा है। अंबाला छावनी में फुटबॉल के सुनहरे दिन फिर से लौटे इसके लिए कैबिनेट मंत्री अनिल विज पहले ही अंबाला छावनी में अंतरराष्ट्रीय स्तर के फीफा एप्रूव्ड फुटबॉल का निर्माण करवा चुके हैं। चौक के निर्माण को लेकर नगर परिषद अधिकारियों ने इसके डिजाइन को भी अंतिम रूप दे दिया है। आगामी दिनों में फुटबॉल चौक के निर्माण कार्य को प्रारंभ किया जाएगा। अंबाला छावनी में दादा के नाम से मशहूर एसडी चटर्जी के समय में यहां की फुटबॉल ने बुलंदियों को छुआ था। तब अंबाला की फुटबॉल की धाक थी जिसने मोहन बगान, मोहम्डन स्पोर्टिंग क्लब जैसी नामी टीमों को धूल चटाई थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के आदेश दिए

# अधिकारी खुद को जनता के मालिक न समझे पूर्व मंत्री असीम ने अफसरों को दी नसीहत

### प्राथमिकता के आधार पर जनता की समस्याओं के समाधान के निर्देश, शंभू बॉर्डर खुलने से सभी वर्गों का फायदा

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने आवास पर जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने वीरवार को अपने आवास पर जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान भारी संख्या में लोग अपनी शिकायतें व समस्याएं लेकर पहुंचे। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को तुरंत उनके समाधान के आदेश दिए। गोयल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी अधिकारी खुद को जनता का मालिक न समझे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जनता के कार्यों को लेकर लापरवाही किसी भी सुरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

तय समय सीमा के भीतर अधिकारियों को लोगों के काम पूरे करने होंगे। साथ ही, उन्होंने प्रशासन को आगाह किया कि टालमटोल की नीति अब नहीं चलेगी। गोयल ने साफ किया कि नायब सरकार जनता की आवाज को दबने नहीं देगी। प्रशासन को जवाबदेह बनाना सरकार की प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य जनता की सेवा करना होना चाहिए, न कि सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए राजनीति करना। उन्होंने आरोप लगाया कि ये दल केवल राजनीतिक फायदे के लिए जनता को गुमराह कर रहे हैं और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता अब ऐसे नेताओं की सच्चाई समझ चुकी है और सही समय पर इनका जवाब देगी।



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल। फोटो :हरिभूमि

#### अंबाला के लोगों मिलेगी राहत

पंजाब सरकार द्वारा शंभू बॉर्डर खोलने को लेकर असीम गोयल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अंबाला के लोगों के लिए यह राहत भरी खबर है। उन्होंने कहा कि बॉर्डर बंद होने से व्यापारियों, छात्रों और किसानों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। जहां व्यापारी अपने सामान की आवाजाही को लेकर परेशान थे वहीं छात्र अपने संस्थानों तक आसानी से नहीं पहुंच पा रहे थे। किसानों को भी अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में बड़ी दिक्कतें हो रही थीं। गोयल ने कहा कि अब जब बॉर्डर खुला तो सभी वर्गों को फायदा मिलेगा। आर्थिक गतिविधियां दोबारा सामान्य होंगी। किसान आंदोलन खत्म करवाने के मुद्दे पर संसद में विपक्ष द्वारा तख्तियां लहराने और हंगामा करने को लेकर असीम गोयल ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब के नेता त्वरित राजनीति कर रहे हैं। उन्हें /"बरसाती मेंढक/" कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह केवल किसी एक दल की बात नहीं है, बल्कि सभी राजनीतिक दलों की यही स्थिति है। विपक्ष केवल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए प्रदर्शन कर रहा है लेकिन वास्तव में वे किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।